समाचार वाणी
ख़बर जो करें असर !

नाशिक | Thursday, 27 August 2026

# PGIMER चंडीगढ़ मे ग्रुप B और C पदों पर निकली 100 से ज्यादा भर्तियां, नर्सिंग ऑफिसर, क्लर्क और टेक्नीशियन के लिए सुनहरा मौका।

Publisher

Published on 05 Jul 2025




## PGIMER चंडीगढ़ मे ग्रुप B और C के 100+ पदों पर भर्ती, जानिए आवेदन प्रक्रिया और योग्यता।

**PGIMER Recruitment:** सरकारी नौकरी की तलाश कर रहे युवाओं के लिए खुशखबरी है। **पोस्टग्रेजुएट इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल एजुकेशन एंड रिसर्च** (PGIMER), चंडीगढ़ ने **ग्रुप B और ग्रुप C** के तहत **100 से ज्यादा** पदों पर भर्तियों के लिए **नोटिफिकेशन** जारी कर दिया है। यह भर्ती **चिकित्सा, तकनीकी** और **प्रशासनिक पदों** पर की जा रही है, जिसमें **नर्सिंग ऑफिसर, क्लर्क, टेक्नीशियन** और अन्य पद शामिल हैं।

आवेदन प्रक्रिया **1 जुलाई 2025** से शुरू हो गई है। **इच्छुक** और **योग्य उम्मीदवार** आधिकारिक वेबसाइट cdn.digialm.com पर जाकर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।

**कौन-कौन से पदों पर होगी भर्ती ?**

इस भर्ती के तहत निम्नलिखित प्रमुख पदों पर नियुक्ति की जाएगी:

१. **नर्सिंग ऑफिसर**

२. **क्लर्क**

३. **टेक्नीशियन**

४. **लैब अटेंडेंट**

५. **लॉ ऑफिसर**

६. **अन्य ग्रुप B और C पद**

हर पद के लिए शैक्षणिक योग्यता और अनुभव अलग-अलग निर्धारित किया गया है। उम्मीदवारों को आवेदन करने से पहले विस्तृत अधिसूचना ध्यान से पढ़ने की सलाह दी गई है।

**शैक्षणिक योग्यता और अनुभव**

**न्यूनतम योग्यता 12वीं पास** से लेकर संबंधित विषय में **स्नातक (Graduation)**, **बीएससी नर्सिंग, या एलएलबी** तक रखी गई है।

कुछ पदों के लिए **1 से 3 वर्षों का कार्य अनुभव** अनिवार्य है।

आवेदन करने से पहले उम्मीदवारों को पद के अनुसार आवश्यक शैक्षणिक योग्यता और अनुभव की पुष्टि करनी होगी।

**आयु सीमा**

१. **न्यूनतम आयु सीमा :** 18 वर्ष

२. **अधिकतम आयु सीमा :** 35 वर्ष

३. **आरक्षित वर्गों (SC/ST/OBC)** को सरकारी नियमों के अनुसार आयु में छूट दी जाएगी।

**चयन प्रक्रिया क्या होगी ?**

**PGIMER** भर्ती के तहत चयन प्रक्रिया तीन चरणों में होगी:

१. **लिखित परीक्षा :** पहले चरण में अभ्यर्थियों को लिखित परीक्षा देनी होगी।

२. **इंटरव्यू :** लिखित परीक्षा में सफल उम्मीदवारों को इंटरव्यू के लिए बुलाया जाएगा।

३. **डॉक्यूमेंट वेरिफिकेशन :** अंतिम चयन दस्तावेज सत्यापन के बाद किया जाएगा।

**कितनी मिलेगी सैलरी ?**

चयनित उम्मीदवारों को 3**5,400 रुपये से लेकर 1,42,400 रुपये** प्रतिमाह तक सैलरी दी जाएगी। इसके अलावा अन्य सरकारी भत्ते भी मिलेंगे, जो पद और ग्रेड के अनुसार होंगे।

**आवेदन शुल्क कितना है ?**

१. **सामान्य/ओबीसी/ईडब्ल्यूएस वर्ग:** ₹1500

२. **अनुसूचित जाति/जनजाति (SC/ST):** ₹800

३. **दिव्यांग (PWD)** उम्मीदवारों के लिए आवेदन शुल्क नहीं लिया जाएगा।

**आवेदन कैसे करे ?**

१. **आधिकारिक वेबसाइट** cdn.digialm.com पर जाएं।

२. होमपेज पर "**Apply Online**" लिंक पर क्लिक करें।

३. **सभी आवश्यक जानकारी भरे और संबंधित दस्तावेज़ अपलोड करे।**

४. **आवेदन शुल्क का भुगतान करे।**

५. **फॉर्म भरने के बाद उसे सबमिट करे और भविष्य के लिए प्रिंटआउट सुरक्षित रखे।**

**महत्वपूर्ण सलाह**

उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि वे आवेदन करने से पहले आधिकारिक **नोटिफिकेशन** को ध्यान से पढ़ें ताकि सभी पात्रता और आवश्यक शर्तों की सही जानकारी मिल सके।

ऐसी ही देश और दुनिया की बड़ी खबरों के लिए फॉलो करें: www.samacharwani.com

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/Publisher, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.